प्रियंका रानी, भा0प्र0से0
उप विकास आयुक्त, सारण, छपरा

**सारण समाहरणालय, छपरा**
**(वन स्टॉप सेन्टर)**

**Priyanka Rani, I.A.S**
**DDC, Saran, Chapra**

*E-mail id : dposaranchapra@gmail.com* *Mobile Number-9431005031*

पत्रांक–..222.. दिनांक–..29/07/.......2024

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग
बिहार, पटना।

विषय :– **दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से पालनाघर के संचालन हेतु संविदा के आधार पर रिक्त पदों के नियोजन हेतु प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित करने के संबंध में।**

प्रसंग :– महिला एवं बाल विकास निगम का पत्रांक– WCDC/1882/23, दिनांक–09.08.2023।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में कहना है कि मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजनान्तर्गत पालनाघर के संचालन हेतु विभिन्न पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन की कार्रवाई की जानी है।

अतः इच्छुक अभ्यर्थियों को उक्त पदों पर आवेदित करने हेतु इस विज्ञप्ति की दो प्रति (सी0डी0 सहित) पत्र के साथ संलग्न करते हुए अनुरोध पूर्वक कहना है कि इसे कम से कम दो हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में लगातार दो दिनों तक प्रकाशित कराने की कृपा करेंगे।

अनु0:– यथोक्त

विश्वासभाजन

उप विकास आयुक्त
सारण, छपरा।

ज्ञापांक...222.... / दिनांक....29/07/...........2024

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित। निदेश है कि दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन का कतरन वन स्टॉप सेन्टर, सारण, छपरा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सारण, छपरा को सूचनार्थ एवं जिले के अधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

उप विकास आयुक्त
सारण, छपरा।

# सारण समाहरणालय, छपरा
## वन स्टॉप सेन्टर
### विज्ञापन संख्या–02/2024

प्रबंध निदेशक, महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक–WCDC/1882/23, दिनांक–09.08.2023 के आलोक में मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अन्तर्गत पालनाघर के संचालन का निदेश संसूचित है। उक्त के आलोक में एक इकाई पालनाघर का संचालन सारण समाहरणालय में तथा एक इकाई का संचालन पुलिस लाईन सारण में किया जाना है। अतएव प्रत्येक इकाई में स्वीकृत पदों के लिए संविदा आधारित नियोजन करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है जिसकी विवरणी निम्नवत् है:–

| क्रम | इकाई | पद का नाम /आरक्षण | रिक्त पदों की संख्या | उम्र | योग्यता/ अहर्ता/ अनुभव | मानदेय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | पुलिस लाईन, सारण, छपरा। | क्रेच वर्कर (अनारक्षित) | 01 | न्युनतम 21वर्ष, अधिकतम – 40वर्ष | **शैक्षणिक योग्यता** :– स्नातक उतीर्ण<br>**अनुभवः**– बच्चों के साथ किसी भी संस्थान/ स्कूल/ आँगनबाड़ी/ प्ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव। | 14730/ प्रति माह | महिला हेतु आरक्षित |
| 02 | | सहायक क्रेच वर्कर (अनारक्षित) | 01 | न्युनतम 18 वर्ष, अधिकतम – 40वष | **शैक्षणिक योग्यता** :– 12वीं पास/इन्टरमीडिएट<br>**अनुभवः**– बच्चों की देख–रेख संबंधित कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। | 11640/ प्रति माह | महिला हेतु आरक्षित |
| 03 | सारण समाहरणालय, छपरा | क्रेच वर्कर (अनारक्षित) | 01 | न्युनतम 21वर्ष, अधिकतम – 40वर्ष | **शैक्षणिक योग्यता** :– स्नातक उतीर्ण<br>**अनुभवः**– बच्चों के साथ किसी भी संस्थान/ स्कूल/ आँगनबाड़ी/ प्ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव। | 14730/ प्रति माह | महिला हेतु आरक्षित |
| 04 | | सहायक क्रेच वर्कर (अनारक्षित) | 01 | न्युनतम 18 वर्ष, अधिकतम – 40वर्ष | **शैक्षणिक योग्यता** :– 12वीं पास/इन्टरमीडिएट<br>**अनुभवः**– बच्चों की देख–रेख संबंधित कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। | 11640/ प्रति माह | महिला हेतु आरक्षित |

01. अभ्यर्थी भारत के नागरिक होंगे।
02. अनुभव की अवधि की गणना एवं उम्र की गणना प्रायोजन के लिए संदर्भ विज्ञापन की तिथि मान्य होगी।
03. संविदा के आधार पर नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी, जो बिना किसी पूर्व सूचना के या 15 दिनों के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। इस संबंध में नियमित नियुक्ति का कोई दावा मान्य नहीं होगा। इस प्रकार नियोजन व्यक्ति का नियोजन के पश्चात सेवा में नियमितिकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा। नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेगे न सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार होंगे।
04. विभिन्न पदों पर नियोजन उम्मीदवारों की वांछित शैक्षणिक योग्यता/कार्य अनुभव एवं अंतवीक्षा के आधार पर अंतिम मेधा सूची प्रकाशित होगी।
05. मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्रमाण पत्र की मान्य मानी जाएगी।
06. कर्मियों के लिए निर्धारित पारिश्रमिक ही उन्हे देय होगा, इसके अतिरिक्त कर्मी अन्य किसी प्रकार के लाभ एवं सुविधा के हकदार नहीं होंगे।

07. मेधा अंक समान होने पर जन्म तिथि के आधार पर अधिक उम्र वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जायेगा। समान मेधा अंक एवं समान जन्म तिथि एक समान होने की स्थिति में लॉटरी व्यवस्था से निर्णय लिया जायेगा।

08. सभी रिक्त पदों पर संविदा पर नियोजन हेतु कुल–100 अंक होंगे। जिसमें प्रासंगिक शैक्षणिक योग्यता पर अधिकतम 60 अंक, सरकारी विभाग/संस्थान/ कार्यालय के साथ तीन वर्ष से अधिक कार्य अनुभव पर 05 अंक (अधिकतम 15 अंक) एवं साक्षात्कार हेतु अधिकतम 25 अंक निर्धारित करते हुए अंतिम मेधा सूची का निर्माण किया जायेगा।

09. सरकारी/अर्धसरकारी अथवा गैर सरकारी विभाग/संस्थान/कार्यालय में कार्य अनुभव की स्थिति में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

10. चयन प्रक्रिया–निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों में मेधा सूची के अनुसार साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना संबंधित अभ्यर्थियों के उनके आवेदन में उल्लेखित ई–मेल आई0डी0 एवं जिला के वेबसाईट–**saran.nic.in** के माध्यम से दी जायेगी। वन स्टॉप सेन्टर कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जायेगा।

11. विज्ञापन एवं सेवा शर्तो से संबंधित सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के अधीन है। अधोहस्ताक्षरी विज्ञापन को संशोधित/रद्द करने के लिए सर्वाधिकार धारित करते है।

12. इच्छुक अभ्यर्थी आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से दिनांक 20/08/2024 समय–05 बजे अपराह्न तक अपना ऑनलाईन आवेदन **oscsaran@gmail.com E-Mail ID** पर करेंगे। जिसमें सभी प्रमाण पत्र यथा–स्वअभिप्रमाणित शैक्षणिक प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/आवासीय प्रमाण पत्र/आधार कार्ड संलग्न रहना अनिवार्य होगा। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त समय सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

13. आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से ही स्वीकार होगा।

14. सभी प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि या उसके पूर्व का होना अनिवार्य होगा।

15. एक से अधिक पदों लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे।

16. भरे हुए आवेदन का प्रिंट आउट अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

17. अभ्यर्थी विज्ञापन से संबंधित अपडेट अन्य घोषणाओं हेतु वन स्टॉप सेन्टर, सारण समाहरणालय, छपरा, कार्यालय या **saran.nic.in** वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

उप विकास आयुक्त
सारण, छपरा।

# आवेदन–प्रपत्र

विज्ञापन संख्या–.............................

स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

1. आवेदित पद का नाम : ......................................................
2. अभ्यर्थी का नाम : ......................................................
3. जन्म तिथि : ......................................................
4. माता का नाम : ......................................................
5. पिता/पति का नाम : ......................................................
6. आधार कार्ड नम्बर : ......................................................
7. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ) : ......................................................
......................................................
8. पत्राचार का पता : ......................................................
......................................................
9. श्रेणी : सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐
अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अन्य ☐
10. मोबाईल नम्बर : ......................................................
11. ई–मेल आई.डी. : ......................................................
12. शैक्षणिक विवरणी :–

| क्र0 स0 | शिक्षा | विषय | उतीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मैट्रिक | | | | | |
| 2. | इंटर | | | | | |
| 3. | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |

13. कार्य अनुभव :–

| क्र0स0 | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष/माह/दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

घोषणा :– उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी कोई प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेवार रहूंगी एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक :– अभ्यर्थी का हस्ताक्षर